युवाओं के योगदान से भारत विकसित और निरोगी राष्ट्र बनेगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरुकता पहुंची: लोक सभा अध्यक्ष

...

ILBS ने आमजन में अंगदान को लेकर जागरूकता बढ़ाई: लोक सभा अध्यक्ष

...

ILBS शिक्षा, अनुसंधान और उपचार के लिए समर्पित: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बायिलरी साइंसेज (ILBS) के 8वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया

...

नई दिल्ली; 6 दिसम्बर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बायिलरी साइंसेज (ILBS) के 8वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर छात्रों को बधाई देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आईएलबीएस शिक्षा, अनुसंधान और उपचार के लिए समर्पित एक स्थान है, जहां हजारों लोगों ने सस्ती दरों पर अत्याधुनिक उपचार प्राप्त किया है।

लिवर प्रत्यारोपण के क्षेत्र में ILBS के योगदान का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि ILBS ने आमजन में अंगदान को लेकर जागरूकता बढ़ाई है और अंगदान से जुड़े विचार को जन जन तक ले जाने में कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि आईएलबीएस लिवर संबंधी विषयों में देशभर में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है तथा देश के कोने कोने तक इस बीमारी के विषय में जानकारी पहुंचाने में ILBS की प्रमुख भूमिका है।

लिवर की देखभाल के लिए आमजन के बीच जागरूकता प्रसार की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि ILBS समय समय पर इस विषय पर सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता है। श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ILBS के इन प्रयासों से जन प्रतिनिधि भी लिवर रोग के प्रति अवगत हुए हैं तथा उनके ज़रिये समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरुकता पहुंची है।

मेडिकल क्षेत्र में तो तकनीकी क्रांति का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज के युग में एडवांस तकनीक के उपयोग से जाँच और उपचार अधिक सहज हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि आमजन को टेली-मेडिसिन की सुविधा का लाभ मिल रहा है जिससे देश के गाँव-कस्बों में रहने वाले लोग भी उच्च कोटि मेडिकल परामर्श ले पा रहे है। श्री बिरला ने युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि युवा वर्ग लिवर और पित्त की बीमारियों, और उनसे जुड़ी आम समस्याओं पर सार्थक शोध करें और कम खर्च पर इलाज करने हेतु तकनीक विकसित करें। श्री बिरला ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि देश, समाज और मानवता के क्षेत्र में सभी युवा साथी अपना योगदान देंगे तथा भारत को विकसित और निरोगी राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मेडिकल क्षेत्र में तो तकनीकी क्रांति का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज के युग में एडवांस तकनीक के उपयोग से जाँच और उपचार अधिक सहज हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि आमजन को टेली-मेडिसिन की सुविधा का लाभ मिल रहा है जिससे देश के गाँव-कस्बों में रहने वाले लोग भी उच्च कोटि मेडिकल परामर्श ले पा रहे है।

इस अवसर पर दिल्ली के उप राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे।